दून में आप कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कर्नल अजय कोठियाल।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दून की वृद्धा ने अपनी सारी संपत्ति कर दी राहुल गांधी के नाम

**संवाददाता** देहरादून। दून निवासी पुष्पा मुंजियाल ने अपनी सारी संपत्ति का मालिकाना हक कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी के नाम करते हुए देहरादून कोर्ट में वसीयतनामा पेश किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के नाम अपनी संपत्ति का वसीयतनामा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह को उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पर सोमवार को सौंपा। अविवाहित पुष्पा मुंजियाल ने कहा कि वह राहुल गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रभावित हैं। उनके परिवार ने देश की आजादी से लेकर आज तक हमेशा आगे बढ़कर देश के लिए अपनी सर्वोच्च कुर्बानी दी है।

### सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ऑफिस पहुंचेः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये हैं कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ऑफिस पहुंचे और ऑफिस टॉइम में पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। समय पर कार्यालय न आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कारवाई की जाय। जन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाय। जनता एवं जन प्रतिनिधियों के फोन अवश्य रिसीव करें। यदि किसी वजह से फोन रिसीव न कर पायें तो कॉल बैक जरूर करें।

### त्रिवेंद्र पंवार का उक्रांद के संरक्षक पद से इस्तीफा

**संवाददाता** देहरादून। जल–जंगल–जमीन की बात करने वाले उत्तराखंड क्रांति दल को इस बार भी विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे क्षेत्रीय दल यूकेडी को इस बार विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली। ऐसे में हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए यूकेडी के वरिष्ठ नेता त्रिवेंद्र पंवार ने संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया है।

### परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने किया आईएसबीटी का निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। परिवहन मंत्री चंदन राम दास ने सोमवार आईएसबीटी का औचक निरीक्षण किया और यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। धामी सरकार में पहली बार मंत्री बनाए गए चंदन राम दास आज सुबह अचानक दून के आईएसबीटी पहुंचे। जहां उन्होंने बस अड्डे की व्यवस्थाओं की जांच की। यहां पर साफ सफाई की व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई शौचालयों में सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बस अड्डे पर जगहकृजगह कूड़े कचरे के ढेरों पर उन्होंने नाराजगी जताई।

# वन क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध पातन पर सख्त कारवाई की जाय

■ वन्य जीवों के आक्रमण से मानव सुरक्षा के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जायः मुख्यमंत्री

■ सीएम ने सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये निर्देश

**निर्देश**

*वनों के संरक्षण तथा वनाग्नि को रोकने के लिए जनजागरूकता व जन सहभागिता पर दिया जाय विशेष ध्यान*

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि गुलदार एवं अन्य वन्य जीवों के आक्रमण से मानव सुरक्षा के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से एक टास्क फोर्स बनाया जाय। यदि किसी क्षेत्र में किसी बच्चे पर गुलदार आक्रमण करता है,तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के वनाधिकारी एवं डीएफओ की जिम्मेदारी तय की जाय। गुलदार के मानव आक्रमण से संबंधित चिन्हित स्थानों के लिए एक्शन प्लान बनाया जाय। वन क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध पातन पर सख्त कारवाई की जाय। वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी प्रयास किये जाय। वनों के संरक्षण एवं वनाग्नि को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा जन जागरूकता के साथ जन सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों के संरक्षण, मानव एवं वन्यजीवों के संघर्ष को कम करने, भूस्खलन को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा इनोवेटिव प्रयास किये जाय। इनोवेटिव कार्यों के लिए वन विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य दिया जाय। जंगली जानवरों से किसानों को नुकसान न हो, इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी कार्य किये जा रहे हैं, वह धरातल पर दिखें।

बैठक में केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार सिंघल, महाप्रबंधक वन निगम डी.जे.के शर्मा, प्रमुख वन संरक्षक सुश्री ज्योत्सना शिथलिंग एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने नेपाल के संसदीय समिति के विधायकों एवं समन्वयकों से भेंट की



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में नेपाल के संसदीय समिति के विधायकों एवं समन्वयकों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने समिति के सभी सदस्यों को स्वागत करते हुए कहा कि नेपाल के साथ हमारा रोटी–बेटी का संबंध है। हमारी परंपराएं एवं संस्कृति भी मिलती–जुलती हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल से हमारा संबंध काफी पुराना है। नेपाल के संसदीय समिति के विधायकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उन्हें पशुपतिनाथ जी की अनुकृति भेंट की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष हरका बहादुर कुंवर, सदस्य महेश दत्त जोशी, भरत बहादुर खटका, कृष्ण बहादुर चौधरी, अक्कल बहादुर रावत, सुश्री अंबी कुमारी थापा एवं कृष्ण राज सुबेदी मौजूद थे।

# विधानसभा में कार्यों को लेकर कोताही बर्दाश्त नहीं: अग्रवाल

**बैठक**

■ आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक विधानसभा में विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री द्वारा आवास विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। नीति निर्माण, रेरा, उत्तराखण्ड आवास नीति, एवं अन्य विकास कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि पार्किंग परियोजना पर विशेष फोकस किया जाय। निजी भूमि पर पार्किंग को बढावा दिया जाय। इसके लिए नई पार्किंग नीति लाई जाय। मेट्रो परियोजना के बाधाओं को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। नियो मेट्रो परियोजना का डीपीआर जल्द तैयार कर स्वीकृत करायें। नियो मेट्रो परियोजना की लागत सामान्य मेट्रो परियोजना से 25 प्रतिशत कम है। मेट्रो परियोजना स्वीकृति के बाद इसे 03 वर्ष में पूर्ण कर लिया जाय।



मंत्री ने प्रदेश के 07 महानगर परियोजनाओं की समीक्षा की। हल्द्वानी काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून रूड़की, उधमसिंह नगर, नैनीताल महानगर परियोजना 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। शेल्टर फंड दिशा–निर्देश नीति के तहत नक्शा नियम के अनुसार बनाया गया है अथवा नही, इसके लिए पहले चरण में उद्योग से शुरूआत की जाय। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए शीघ्र परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश दिये। ई–गवरनेंस प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी मंत्री द्वारा समीक्षा करते हुए कहा कि जनता की सुविधा के लिए नक्शा पास, चालान, शिकायता आदि का त्वरित गति से निस्तरण हो सके, इसके लिए ई–गवरनेंस प्रक्रिया को सशक्त बनाया जाय। उत्तराखण्ड आवास विकास योजना के तहत मंत्री द्वारा विभागीय पदों के सृजन से सम्बन्धित समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि रिक्त 163 पदों के लिए अधियाचन लोक सेवा आयोग को भेजा गया है।

### उत्तराखंड में भी चलेगा अवैध निर्माणों पर बुलडोजरः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में भी अब अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलेगा, यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद वह पहली बार दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के चुनाव में जो पार्टी को जीत मिली है उसमें केंद्रीय योजनाओं और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रही है इसलिए मैं उनका आभार जताता हूं। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि क्या वह भी यूपी के सीएम योगी की तरह राज्य में बोल्डोर चलवाने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। अवैध निर्माणों को हटाने का काम किया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।